कार्यालय पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी

प्रेस नोट

दिनांक-24.09.2024

विषयः- दुष्कर्म व पॉक्सो एक्ट के मुकदमे में वांछित अभियुक्त मनीष कुमार प्रजापति थाना सारनाथ पुलिस द्वारा गिरफ्तार।

श्रीमान् पुलिस आयुक्त वाराणसी द्वारा वांछित/फरार अभियुक्तों की गिरफ़्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान् पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के निर्देशन मे, श्रीमान् अपर पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन के पर्यवेक्षण में एवं श्रीमान् सहायक पुलिस आयुक्त सारनाथ के नेतृत्व मे थाना सारनाथ पुलिस टीम द्वारा मु0अ0सं0-435/2024 धारा 363/366/376/504/506 भा0द0वि0 व ¾ पॉक्सो एक्ट थाना सारनाथ कमिश्नरेट वाराणसी से संबंधित नामजद वांछित अभियुक्त मनीष कुमार प्रजापति पुत्र लाल बहादुर प्रजापति निवासी ग्राम गरथौली थाना चौबेपुर वाराणसी को आज दिनांक-24.09.2024 को समय करीब 13.50 बजे थाना परिसर थाना सारनाथ कमि0 वाराणसी से गिरफ्तार किया गया। उक्त गिरफ्तारी सम्बन्ध में थाना सारनाथ पुलिस द्वारा अग्रेतर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

घटना का विवरण- दिनांक-23.09.2024 को वादी मुकदमा ने उनकी नाबालिग पुत्री उम्र करीब 16 वर्ष को प्रतिवादी मनीष प्रजापति द्वारा शादी का झांसा देकर बहला-फुसलाकर कर भगा ले जाने, जबरदस्ती शारीरिक सम्बन्ध बनाने एवं गाली-गलौज करते हुये जान-माल की धमकी देने के सम्बन्ध मे लिखित प्रार्थना पत्र दिया, जिसके आधार पर थाना सारनाथ में मु0अ0सं0-435/2024 धारा 363/366/376/504/506 भा0द0वि0 व ¾ पॉक्सो एक्ट पंजीकृत किया गया, जिसकी विवेचना प्रभारी निरीक्षक परमहंस गुप्ता द्वारा संपादित की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-

मनीष कुमार प्रजापति पुत्र लाल बहादुर प्रजापति निवासी ग्राम गरथौली थाना चौबेपुर वाराणसी, उम्र करीब 23 वर्ष।

गिरफ्तारी का स्थान, दिनांक व समय- थाना परिसर थाना सारनाथ कमि0 वाराणसी से, दिनांक-24.09.2024 को समय करीब 13.50 बजे।

आपराधिक इतिहास-

1-मु0अ0सं0 435/2024 धारा 363/366/376/504/506 भा0द0वि0 व ¾ पॉक्सो एक्ट थाना सारनाथ कमिश्नरेट वाराणसी।

गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-

1- प्रभारी निरीक्षक परमहंस गुप्ता थाना सारनाथ कमिश्नरेट वाराणसी।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त
वरुणा जोन, कमिश्नरेट वाराणसी।